कार्यालय जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान , बीकानेर

कक्षा - 5 के लिए प्राथमिक शिक्षा अधिगम स्तर मूल्यांकन हेतु सत्रांक निर्धारण निर्देश -

विद्यालय स्तर से भेजे जाने वाले 20 सत्रांक निर्धारण के विस्तृत दिशा निर्देश निम्नानुसार है -

1. शिक्षण अधिगम एवं कक्षा-कक्षीय प्रक्रिया - विद्यालय स्तरीय लिखित आकलन (एसए 1,2,3) पोर्ट फोलियो स्थिति, चैकलिस्ट अंकन , अवलोकन एवं मौखिक गतिविधियॉ के अंक एवं टिप्पणीयों के आधार पर ।
2. प्रदत्त कार्य एवं प्रतिपुष्टि - विद्यालय स्तरीय नियमितता एवं समयबद्धता , वर्तनी, उच्चारण एवं सुलेख सुधार के आधार पर ।
3. व्यक्तगत गुण एवं अभिवृत्तियों पर आधारित गतिविधियाँ - व्यक्तिगत गुण एवं अभिवृद्धियाँ , स्वास्थ्य एवं शारीरिक शिक्षा स्वच्छता , संगीत , कला एवं नाटक आदि विद्यालय स्तरीय गतिविधियों के आधार पर ।
4. सत्रांक संग्रहण एवं मूल्यांकन केन्द्र पर संबंधित संस्था प्रधान मूल्यांकन (परीक्षा) प्रारम्भ होने से पूर्व प्रेषित करेंगे ।
5. उपस्थिति गणना --

-- कक्षा- 5 में अध्ययनरत नियमित विद्यार्थी के रूप में उपस्थिति की गणना प्रवेश लेने की तिथि से परीक्षा तैयारी अवकाश से पूर्व दिवस तक न्यूनतम उपस्थिति 70% होना अनिवार्य है ।

-- संस्था प्रधान के संतुष्ट होने पर विद्यार्थी के रूग्णता अथवा युक्तियुक्त कारणों से परीक्षा में अपने विवेकानुसार 10% तक उपस्थिति में छूट दे सकेंगे । विद्यार्थी को रुगण्ता प्रमाण पत्र स्वस्थ होने के सात दिवस की अवधि में प्रस्तुत किया जा सकेगा ।

-- जो विद्यार्थी लगातार 45 दिन तक विद्यालय में अनुपस्थित रहता है एवं अन्य कारणों से आवश्यक उपस्थिति स्तर प्राप्त नहीं कर पाता है तो ऐसे विद्यार्थी को ड्रॉप आउट मानते हुए आयु अनुरूप कक्षा में पुन: प्रवेश की कार्यवाही की जाकर उसे संघनित पाठयक्रम के माध्यम से विशेष शिक्षण द्वारा उस कक्षा के स्तर तक लाया जाएगा ।

-- उपस्थिति के 5 अंक निर्धारित है --

86% से 100% = 5 अंक

76% से 85% = 4 अंक

71% से 75% = 3 अंक

60% से 70% = 2 अंक (केवल उन विद्यार्थियों के लिए जिन्हें प्रधानाध्यापक द्वारा 10% उपस्थिति देकर परीक्षा में सम्मिलित किया गया है ।)

6. परीक्षा तैयारी हेतु अवकाश परीक्षा पूर्व 2 दिन (राजपत्रित अवकाश को छोड़कर) का रखा जाएगा ।

www.rajteachers.com

क्र.सं.	आकलन क्षेत्र	शिक्षण अधिगम एवं कक्षा कक्षीय प्रक्रिया				प्रदत्त कार्य एवं प्रतिपुष्टि		व्यक्तिगत गुण एवं अभिवृत्तियों पर आधारित गतिविधियां			विषय			
	अधिगम क्षेत्र	लिखित आकलन (एसए 1,2एवं 3)	पोर्ट फोलियो स्थिति	चैकलिस्ट अंकन	अवलोकन एवं मौखिक गतिविधियां	नियमितता एवं समयबद्धता	वर्तनी, उच्चारण एवं सुलेख सुधार	व्यक्तिगत गुण एवं अभिवृतियां	स्वास्थ्य एवं शारीरिक शिक्षा, स्वच्छता	संगीत, कला एवं नाटक	सर्वयोग	कक्षा कक्षीय प्रकिया के सत्रांक	उपस्थिति	योग सत्रांक
	अंक → / नाम छात्र/छात्रा	10	10	10	20	10	10	10	10	10	100	15	5	20

www.rajteachers.com